## एक नजर में

### फैमिली कोर्ट में पेश हुआ नारायण सांई, पत्नी ने दर्ज कराए बयान

**इंदौर**. दुष्कर्म के मामले में सूरत जेल में बंद आसाराम का बेटा नारायण सांई शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच इंदौर फैमिली कोर्ट में पेश हुआ. उसकी पत्नी ने करीब तीन साल पहले तलाक का केस दायर किया था. शुक्रवार को हुई सुनवाई में सिर्फ पत्नी जानकी के ही बयान दर्ज हो सके, जबकि नारायण और अन्य पक्षकारों के बयान नहीं हो पाए. भोपाल निवासी जानकी हरपलानी ने पति पर तलाक का केस दायर करते हुए पहले भी कोर्ट में गुहार लगाई थी, पिछली सुनवाई में नारायण को नोटिस भेजकर बुलाया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ. जबकि उसके वकीलों ने जवाब दाखिल किया था, जिसके बाद कोर्ट ने 1 अगस्त की तारीख तय की थी. शुक्रवार को दोपहर में पुलिस सुरक्षा के बीच नारायण को सूरत जेल से इंदौर लाया. कोर्ट के बाहर और अंदर पुलिस ने उसे फटाफट ले जाकर पेशी कराई, ताकि किसी तरह की रिकॉर्डिंग न हो सके. इस दौरान आसाराम के कुछ अनुयायी भी कोर्ट परिसर में मौजूद रहे. सुनवाई में नारायण सांई की ओर से एडवोकेट पवन शर्मा और तुलसीराम रघुवंशी उपस्थित थे, फिलहाल कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 सितंबर तय की है. पत्नी जानकी हरपलानी की ओर से पहले दायर याचिका पर 2018 में कोर्ट ने आदेश दिया था कि नारायण सांई हर माह 50 हजार रुपए भरण-पोषण के रूप में दें. लेकिन जेल में बंद होने के कारण उसने यह राशि अब तक नहीं दी है. जिसके चलते जानकी ने आदेश को रिओपन कराने की अपील भी की है.

### पति से विवाद के बाद महिला ने बेटों संग खाया जहर

**इंदौर**. मांगलिया में रात पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने अपने तीन बेटों के साथ जहर खा लिया, चारों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है. शिप्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे एंबुलेंस से अन्नू सिंह 32 और उसके तीन बेटे आकाश 13, राज 12 और पवन 10 को अस्पताल लाया गया. डॉक्टरों ने जांच में पुष्टि की कि सभी ने जहरीला पदार्थ खाया है. पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर महिला के बयान लिए. अन्नू ने स्वीकार किया कि उसने मिठाई में जहर मिलाकर पहले बच्चों को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया. महिला ने पूछताछ में बताया कि पति जबर सिंह से विवाद के चलते उसने यह कदम उठाया. पड़ोसियों ने भी बताया कि रात को पति-पत्नी के बीच जोरदार झगड़ा हुआ था. इसके बाद जबर सिंह घर से निकल गया और देर रात तक वापस नहीं लौटा. पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है और पति की तलाश की जा रही है.

### सूरजकुंड जल से होगा शिव अभिषेक

**देपालपुर**. श्रावण मास की पवित्रता और धार्मिक ऊर्जा के बीच देपालपुर में एक



विशेष आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक और जल विरासत को संरक्षित करने की पहल की जा रही है. आगामी 4 अगस्त को दोपहर 2 बजे, देपालपुर के प्राचीन मंगलेश्वर महादेव मंदिर में सहस्त्रधारा लघुरुद्र महाअभिषेक अनुष्ठान संपन्न होगा. इस भव्य आयोजन में अभिषेक के लिए उपयोग में लाया जाएगा अति प्राचीन सुरजकुंड का पवित्र जल. यह आयोजन विधायक मनोज निर्भयसिंह पटेल द्वारा अपनी धर्मपत्नी के साथ संकल्पित है, जिनकी पहल पर इस महाअभिषेक के माध्यम से न केवल धार्मिक वातावरण सृजित होगा, बल्कि समाज को जल स्रोतों की रक्षा और धरोहरों के संरक्षण का भी संदेश मिलेगा. वर्तमान में उपेक्षा और अतिक्रमण के चलते क्षेत्र के कई कुंड, बावड़ियां, तालाब और कुएं संकट में हैं. ऐसे में सुरजकुंड जैसे पौराणिक स्थल के जल से रुद्राभिषेक कर जनजागरण और संरक्षण की चेतना को बढ़ावा देना इस आयोजन की प्रमुख भावना है. मंगलेश्वर महादेव भक्त मंडल सुरजकुंड देपालपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और पर्यावरण प्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है. इस आयोजन के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि विकास और विरासत साथ-साथ चल सकती है, बस आवश्यकता है सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक दृष्टिकोण की।

### महू में बिना हेलमेट नहीं दिया पेट्रोल



**महू**. इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार शुक्रवार यानी 1 अगस्त से बगैर हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिए जाने के आदेश के अनुपालन में आज शहर एवं अन्य आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर बगैर हेलमेट पहने वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया गया. इस संबंध में सभी पंप संचालकों ने अपने अपने पंपों पर सूचना भी चस्पा कर दी गई है साथ ही कुछ पंपों पर बाकायदा स्पीकर के माध्यम से भी अनाउंसमेंट करवा कर वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है कि अपनी सुरक्षा हेतु हेलमेट जरूर पहने। इस आदेश के सख्ती से पालन करवाने हेतु प्रशासनिक अधिकारी भी पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने पंप संचालकों, काम करने वाले कर्मचारियों के साथ साथ पेट्रोल भरवाने आए वाहन चालकों को भी समझाइश दी. साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी कि अभी शुरुआती दौर में केवल समझाइश दी जा रही है इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वाले पंपों पर और वाहन चालकों पर भी कार्यवाही की जाएगी, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारी लगातार इसी तरह औचक निरीक्षण करते रहेंगे आज गवली पलासिया, डोंगरगांव, जामली, महुगांव, बड़गोंडा, आशापुरा आदि क्षेत्रों में स्थित दस से अधिक पेट्रोल पंपों पर नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ अपनी टीम के साथ समझाइश देने पहुंचे. पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने आए वाहन चालकों ने भी कलेक्टर के आदेश की सराहना की.

### शिवमहापुराण कथा शिव कृपा का प्रसाद

महू. किशनगंज स्थित मुक्तिधाम में चल रही शिवमहापुराण कथा को सुनने



काफी संख्या में भक्त आ रहे है. भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही कथा मे दूसरे दिन कथा व्यास पं विपुल महाराज ने शिवमहापुराण की महत्वता बताई और कहा कि कलियुग में शिव भक्तो को यह कथा भगवान शिव ने स्वयं अपने प्रसाद के रूप में दी है क्योंकि यह कथा स्वयं शिव ने सनत कुमारों को श्रवण कराई थी और कहा था कि कलियुग में जो भी भक्त इस कथा को सुनेगा वह मुझे प्रिय होगा. इसके बाद महाराज श्री जी ने रुद्राक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव के आंसु है और जो शिव भक्त गले में रुद्राक्ष धारण किये हुए प्राण त्यागता है वह शिवलोक का अधिकारी होता है, उसी प्रकद्यर भस्म, त्रिपुण्ड, और शिव नाम पंचाक्षर मंत्र यह त्रिवेणी के समान बताए गए है. कथा में शिव का अर्द्धनारेश्वर अवतार की कथा एवं सती चरित की कथा सुनाई जायेगी. कथा में व्यास पीठ का पूजन आयोजन सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल ने स्थानीय लोगों के साथ सह परिवार किया.

### विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ

महू. वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष अगस्त के प्रथम सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है. इस वर्ष की थीम इन्वेस्ट इन ब्रैस्टफीडिंग इन्वेस्ट इन द फ्यूचर थीम के अंतर्गत महू में 1 से 7 अगस्त तक शासन के निर्देशानुसार थीम आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना और शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना है. मध्य भारत अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राम आशीष शुक्ला ने बताया कि सिविल अस्पताल महू मे डॉ हंसराज वर्मा तथा कोदरिया पीएचसी मे डॉ गोविंदा लोडवाल की उपस्थिति में इस सप्ताह का शुभारंभ किया गया.

# पेट्रोल को लेकर पंपों पर बनी विवाद की स्थिति

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिला प्रशासन के बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने के फरमान के चलते पेट्रोल पंपों पर कई स्थानों पर विवाद की स्थिति निर्मित हुई. आज जनता पेट्रोल को लेकर परेशान होकर भटकती रही. हेलमेट को लेकर भी झगड़े हुए, क्योंकि हेलमेट अदला बदली की जा रही थी. मतलब साफ है कि प्रशासन द्वारा यातायात सुधारने की बजाय रोड सेफ्टी पर ध्यान दिया जा रहा है.**









दो दिन पहले कलेक्टर आशीष सिंह रोड सेफ्टी नियमों के पालनार्थ शहर में बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर रोक लगा दी. आज से उक्त मामले में आदेश सख्ती से लागू करवा दिए. इसका परिणाम यह रहा कि शहर में अधिकांश पेट्रोल पंपों पर बेवजह लाइन लग गई. सबसे ज्यादा परेशान वो लोग हुए जिनको ऑफिस या जरूरी काम से जाना था. महिलाएं और लड़कियां भी जिनको ऑफिस के साथ कॉलेज और स्कूल या अन्य कार्यों से जाना था, बहुत परेशान हुई. खास बात यह है कि पंपों के बाहर जनता द्वारा पेट्रोल के लिए हेलमेट अदला बदली का काम शुरू हो गया. लोग पंप संचालक और कर्मचारियों से हेलमेट पहनकर पेट्रोल मांगने लगे और कर्मचारियों ने हेलमेट होने के बावजूद पेट्रोल देने में आनाकानी की. जनता का तर्क था कि हमारे पास हेलमेट है, भले ही किसी का भी है. हम हेलमेट पहनकर पेट्रोल ले रहे है ना? कुल मिलाकर प्रशासन के तुगलकी फरमान के कारण जनता परेशान हुई और पेट्रोल पंपों पर बेवजह ही लंबी कतारें लगवा दी गई.

**कलेक्ट्रेट में बिना हेलमेट प्रवेश नहीं** –कलेक्टर आशीष सिंह ने आज सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को एक आदेश दिए है कि बिना हेलमेट कार्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा। आदेश में कहा गया है कि कार्यालय के गेट पर ही बिना हेलमेट के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएं। यह नियम आज से ही लागू कर दिया है और इसका कलेक्टर कार्यालय में आने वाले सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी पालन करना अनिवार्य किया है। कलेक्टर ने अन्य सरकारी विभागों को भी निर्देश दिया है कि वे अपने कार्यालय में बिना हेलमेट के आने पर प्रतिबंध लगाए और हेलमेट पहनना अनिवार्य करे.

**आपस में हेलमेट बदलकर डलवा रहे पेट्रोल**–कई पंपों पर लोगों ने पेट्रोल लेने के दौरान हेलमेट पहना और वहां से निकलते ही हेलमेट उतार लिया. अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लोग हेलमेट बदलते देखे गए. महिलाओं ने भी दूसरों से हेलमेट लेकर पहना और पेट्रोल लेकर लौटा दिया. कई पंपों पर कर्मचारी ही इशारा करके हेलमेट बदलने को कह रहे थे. वहीं कई जगह युवा एक-दूसरे की मदद कर रहे थे. लड़कियों ने भी हेलमेट पहने लड़कों को अपनी गाड़ी देकर पेट्रोल डलवाया.

**कर्मचारी संगठनों ने किया समर्थन**–कलेक्टर के हेलमेट पहनने संबंधी जारी निर्देशों का आज विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन किया है. कलेक्टर से इस संबंध में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी हरीश बोयत के नेतृत्व में रमेश यादव, दिनेश परमार, प्रशांत शास्त्री, श्रीमती रंजना दीक्षित और बड़ी संख्या में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मिलने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे. कलेक्टर ने कहा कि आप लोग सभी कर्मचारियों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें और समाज में जनजागरूकता लायें.

#### शासकीय अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनें

–इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि हेलमेट लगाने के संबंध में जारी निर्देशों और प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाये. सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इसका पालन अनिवार्य रूप से करें. इस संबंध में यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके कार्यालय में दो पहिया वाहनों से आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारी हेलमेट पहन कर ही आएंगे. कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय और सभी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों के शासकीय सेवकों को भी इस संबंध में पृथक से निर्देश जारी करते हुए हेलमेट पहनने संबंधी निर्देशों और प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है. कहा गया है कि जो कर्मचारी दो पहिया वाहनों से कार्यालय आते हैं वे हेलमेट पहनकर ही आएं.

## टैंकर की टक्कर से फार्मा मैनेजर की मौत

▸ इलाज के दौरान घायल कांवड़िए तोड़ा दम

**इंदौर. बेकाबू रफ्तार एक बार फिर दो जिंदगियां लील गई. शुक्रवार को अलग-अलग हादसों में फार्मा कंपनी के मैनेजर और कांवड़ यात्रा में घायल हुए युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कांवड़िया की हालत गंभीर बनी हुई है. दोनों ही हादसों के बाद चालक मौके से फरार हो गए.**



लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया में भवंस प्रामिनेंट स्कूल के सामने फार्मा कंपनी में कार्यरत 49 वर्षीय प्रतीक कपाड़े निवासी तुलसी नगर बाइक से घर लौट रहे थे. तभी तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें कुचल दिया. हादसे के दौरान बाइक टैंकर में फंस गई और कई फीट तक घिसटती चली गई. प्रतीक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर भाग गया. पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है. प्रतीक पिछले 10 साल से फार्मा कंपनी में नौकरी कर रहे थे. इधर, सिमरोल क्षेत्र की कटी घाटी में कांवड़ यात्रा में शामिल आदर्श जोशी निवासी राजनगर की आयशर वाहन की टक्कर से मौत हो गई. आदर्श परिवार का इकलौता बेटा था और बढ़ईगिरी का काम करता था. हादसे में उसका साथी ध्रूव सैनी गंभीर रूप से घायल हुआ है. उसे बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर चालक व मालिक की जानकारी जुटा ली है और आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

## ऑनलाइन गेम में रुपए हारा तो बच्चे ने लगा ली फांसी

इंदौर. महज 13 साल के मासूम ने ऑनलाइन गेम में हार के बाद खुदकुशी कर ली, परिजनों को डर से बताई गई हार उसकी जान ले बैठी. सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने गुरुवार रात घर में फांसी लगाकर जीवन खत्म कर लिया.

घटना एमआईजी थाना क्षेत्र के अनुराग नगर की है. यहां रहने वाले अंकलन जैन ने कमरे में फांसी लगा ली. सबसे पहले उसके दादा ने बेटे को फंदे पर देखा. परिवारजन तुरंत उसे डीएनएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बाद में पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया. परिजनों ने बेटे की असमय मौत के बावजूद उसके नेत्रदान कर मिसाल पेश की. थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि अंकलन के पास सिम कार्ड रहित मोबाइल था, जो वाई-फाई से जुड़ा हुआ था. उसने फ्री फायर गेमिंग आईडी से मां अपूर्वा का डेबिट कार्ड लिंक कर रखा था. ऑनलाइन खेल में उसने 2800 रुपए गंवा दिए. इस बारे में जब उसने मां को बताया तो डर के मारे तनाव में आ गया और जान देने जैसा कदम उठा लिया, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

▸ कुलकर्णी भट्टा में आधी रात किया था हंगामा

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कुलकर्णी भट्टा इलाके में देर रात बदमाशों ने उपद्रव मचाते हुए कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने की कोशिश की. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई. पुलिस ने तेजी दिखाते हुए छह आरोपियों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है.**



मुख्य आरोपी आतिश और उसका रिश्तेदार लल्ली अपने अन्य साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे. शराब के नशे में धुत सभी ने सड़कों पर खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निशाना बनाया. वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई. फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचा. फिलहाल उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही है. सूत्रों के अनुसार, आतिश का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है और वह इलाके में दबदबा कायम करने के इरादे से यह करतूत कर रहा था. पुलिस गिरफ्तार आरोपियों का जुलूस निकालने की तैयारी में है ताकि क्षेत्र में सख्ती और भय का संदेश दिया जा सके. उल्लेखनीय है कि करीब एक हफ्ते पहले इसी क्षेत्र में बदमाश राज का चाकूबाजी करते हुए वीडियो वायरल हुआ था. वह नाबालिगों और बुजुर्गों के सामने खुलेआम चाकू लहराता दिखा था. उस मामले में भी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा था.

## दिनदहाड़े हुई लूट का पर्दाफाश, तीन बदमाश पकड़े

**इंदौर. बड़गोंदा पुलिस ने दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई चांदी की चेन, नगदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत लोहे की रॉड, डंडा व कड़ा बरामद किया है.**



ग्राम मेड के पास 19 वर्षीय फरियादी दीपक निवासी उज्जैन हाल बडी जाम के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर गले से चांदी की चेन और बैग छीन लिया था. बैग में कपड़े और 10 हजार रुपए नकद थे. वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे. इस पर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण यांगचेन डोलकर भुटिया, एएसपी रुपेश द्विवेदी और एसडीओपी महू ललित सिंह सिकरवार के निर्देशन में थाना बदगोंदा पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की. लगातार दबिश और तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में गोलू 24 पिता छगन मेहढा निवासी रासनियामाल, विकास 19 पिता तोमर सिंह गिनावा निवासी रासनियामाल और घनश्याम 28 पिता मानसिंह डावर निवासी नाहरखोदरा शामिल हैं. पुलिस ने उनके कब्जे से 1500 रुपए नगद, चांदी की चेन, मोटरसाइकिल, लौहे की रॉड, डंडा और कड़ा जब्त किया है. पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों से और वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है.

## विष्णुपुरी में देर रात छात्रों का हंगामा

*पुलिस पर लापरवाही के आरोप*

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी इलाके में छात्रों के बीच हुए विवाद ने क्षेत्र के रहवासियों को फिर परेशान कर दिया. करीब एक घंटे तक 6से 7 छात्र आपस में चिल्लाते-धक्का मुक्की करते रहे. इस दौरान वहां मौजूद कुछ छात्राएं भी तमाशा देखती रहीं.



रहवासियों का कहना है कि इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. लोगों ने आरोप लगाया कि होस्टलों और आसपास के क्षेत्रों में आए दिन छात्र विवाद करते रहते हैं, फिर भी पुलिस मौके पर देर से पहुंचती है. स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि कई बार आधी रात को छात्रों के जन्मदिन तक सड़कों पर मनाए जाते हैं, जिसमें जमकर हंगामा और चिल्ला-पों होती है. कुछ छात्र सरेआम शराब पीकर सड़क पर ही हंगामा करते हैं, लेकिन उन पर भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती. पुलिस को रहवासियों ने यह भी बताया कि खासतौर से रात 9 से 12 बजे तक विष्णुपुरी और भोलाराम मार्ग की गलियों में अशांति का माहौल बना रहता है, जिससे आम लोग परेशान हो रहे हैं. लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर सख्ती बरतने की मांग की है.

**समस्या** ▸ मामला वार्ड 50 के दीपक नगर का

## पानी की किल्लत के चलते परेशान रहवासी



**इंदौर. बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद भी शहर के कई क्षेत्र में आज भी पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं. निराकरण करने के बजाय अधिकारी टालमटोल करते हैं.**

पानी की समस्या का एक और मामला वार्ड क्रमांक 50 से सामने आया है. यहां वार्ड वर्ल्ड कप चौराहा पिपलियाहाना रिंग रोड के पास लगता है. वार्ड के दीपक नगर में पिछले कई समय से पानी की समस्या चल रही है. बताया जाता है कि कई समय से दूषित पानी की समस्या तो क्षेत्र में बनी हुई थी. जिस कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था. इसके अलावा पिछले 1 महीने से पानी की सप्लाई में भी बड़ी कमी हुई है. एक दिन छोड़कर मात्र आधा घंटा पानी दिया जा रहा है. इस पानी की कमी के कारण क्षेत्र वासियों को या तो बोरिंग का सहारा लेना पड़ता है या फिर दूसरे क्षेत्रों में जाकर पानी लाना पड़ता है. गर्मियों में तो परिस्थिति और भी ज्यादा बिगड़ जाती है. पानी की किल्लत की शिकायत करने के बाद अधिकारियों द्वारा यह बताया जाता है कि आगे से पानी कम आ रहा है जिस कारण पानी की टंकी पूरी तरह से नहीं भर रही है.

#### इनका कहना है ...



जितना समय पानी सप्लाई होता है, उसमें आधा समय तो गंदा पानी आता है और फिर साफ पानी आता है फिर भी उसमें दुर्गंध आती है. फिटकरी या उबालकर पानी को उपयोग करना पड़ता है.

**– गायत्री भालेकर**



पिछले एक महीने से आधा घंटा पानी दे रहे हैं जिसके कारण पानी की किल्लत हो चुकी है. गर्मियों में थोड़ी सी परेशानी बढ़ जाती है. इससे पहले क्षेत्र में कभी भी पानी की गलत नहीं हुई.

**– माधुरी कनौजिया**



दौ सौ रुपए महीना नल का बिल आता है जिसे हम नियमित तौर पर भरते हैं. निगम में शिकायत की थी लेकिन पानी की समस्या को दूर करने के लिए कोई भी पहल नहीं कर रहा.

**– बसंती वर्मा**